अध्याय 2: संस्थागत रूपरेखा

सी.आर.जेड. अधिसूचना के कार्यान्वयन के लिए तीन संस्थान उत्तरदायी हैं: i) केंद्र में राष्ट्रीय तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण (एन.सी.जेड.एम.ए.) ii) प्रत्येक तटीय राज्य और केंद्र शासित प्रदेश[10] में राज्य/केंद्र शासित प्रदेश तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण (एस.सी.जेड.एम.ए./यू.टी.सी.जेड.एम.ए.) iii) प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय समितियां (डी.एल.सी.) जिनमे तटीय क्षेत्र है और जहां सी.आर.जेड. अधिसूचना लागू है। जबकि एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. और राज्य-स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.)[11] एस.सी.जेड.एम.ए. की सिफारिशों के आधार पर सी.आर.जेड. क्षेत्रों में स्थित परियोजनाओं को मंजूरी देते हैं। सी.आर.जेड. उल्लंघनों से संबंधित निगरानी और प्रवर्तन संबंधित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पी.सी.बी.), एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. के क्षेत्रीय कार्यालयों और डी.एल.सी. द्वारा किया जाता है।

अप्रैल 1996 में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय पर्यावरण-कानूनी कार्रवाई परिषद (1993) द्वारा दायर एक रिट याचिका के आधार पर देखा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड न केवल अधिक काम कर रहे हैं ब्लकि साथ ही साथ प्रदूषण के नियंत्रण से और 1991 के अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा (3) के तहत प्रत्येक राज्य में राज्य तटीय प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय तटीय प्रबंधन प्राधिकरण स्थापित करने पर विचार करना चाहिए।

इन निकायों के गठन और तटीय क्षेत्र प्रबंधन योजनाओं को तैयार करने में उनकी भूमिका की जांच से निम्नलिखित का पता चला:

2.1 एन.सी.जेड.एम.ए., एस.सी.जेड.एम.ए. और डी.एल.सी. का गठन

क) एन.सी.जेड.एम.ए. की संरचना एवं कार्यप्रणाली

पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी.) ने तटीय पर्यावरण की गुणवत्ता की रक्षा, सुधार और तटीय क्षेत्रों में पर्यावरण प्रदूषण को रोकने, कम करने और नियंत्रित करने के लिए दो साल की अवधि के लिए 26 नवंबर 1998 को एन.सी.जेड.एम.ए. का गठन किया। प्राधिकरण को निम्नलिखित के लिए अधिकार दिए गये थे:

क) ई.पी. अधिनियम के तहत एस.सी.जेड.एम.ए. और यू.टी.सी.जेड.एम.ए. के कार्यों का समन्वय।

---

[10] आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में नौ एस.सी.जेड.एम.ए. और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दमन और दीव, लक्षद्वीप और पुडुचेरी में चार यू.टी.सी.जेड.एम.ए.

[11] ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के संदर्भ में एस.ई.आई.ए. ए. एक सीमा क्षेत्र से कम की परियोजनाओं को मंजूरी दे सकता है।

ख) एस.सी.जेड.एम.ए. और यू.टी.सी.जेड.एम.ए. से प्राप्त सी.आर.जेड. क्षेत्रों और तटीय क्षेत्र प्रबंधन योजनाओं के वर्गीकरण में परिवर्तन के प्रस्ताव की जांच और केंद्र सरकार को विशिष्ट सिफारिशें करना।

ग) तटीय क्षेत्रों के लिए ई.पी. अधिनियम 1986 के तहत उल्लंघन से जुड़े मामलों की समीक्षा और अनुपालन के लिए निर्देश जारी करना।

घ) उल्लंघन से जुड़े मामलों के लिए जारी निर्देशों का पालन न करने की स्थिति में शिकायत दर्ज करें।

लेखापरीक्षा ने पाया कि एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. ने अनुशंसित सदस्यों के साथ एन.सी.जेड.एम.ए. को स्थायी निकाय के रूप में अधिसूचित नहीं किया है। इसने एन.सी.जेड.एम.ए. की वांछित संरचना, गैर-अधिकारक सदस्यों को शामिल करने और सदस्यों की डोमेन विशेषज्ञता को भी निर्दिष्ट नहीं किया था। एन.सी.जेड.एम.ए. का कुछ वर्षों में पुनर्गठन किया जाता है और परिभाषित सदस्यता के अभाव में, यह स्थायी सदस्यों से रहित एक तदर्थ निकाय के रूप में कार्य कर रहा था। एन.सी.जेड.एम.ए. के सदस्यों में विभिन्न मंत्रालयों/तकनीकी निकायों के अधिकारी शामिल थे, जिन्होंने पदेन क्षमता में कर्तव्यों का निर्वहन किया था। इसके अलावा, एन.सी.जेड.एम.ए. की संरचना इन वर्षों में एक समान नहीं रही है, जो तटीय संरक्षण के मुद्दों के प्रति दृष्टिकोण में निरंतरता की कमी को दर्शाता है।

इसके अलावा, लेखापरीक्षा ने पाया कि निर्धारित संख्या में आयोजित की जाने वाली बैठकों के अभाव में, यह जब भी आवश्यक हो (2015-2020 के दौरान 14 बार) विभिन्न एस.सी.जेड.एम.ए. से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करने के लिए, मुख्य रूप से सी.आर.जेड. क्षेत्रों के पुनर्वर्गीकरण के लिए और सी.जेड.एम.पी. के पूरा होने की स्थिति के अद्यतन करने के लिए मिलता है।

इसे सौंपे गए उत्तरदायित्वों की विस्तृत श्रंखला के बावजूद, लेखापरीक्षा ने पाया कि एन.सी.जेड.एम.ए. ने अपनी बैठकों में तटीय विनियमन क्षेत्र से संबंधित पर्यावरणीय मुद्दों पर विचार नहीं किया। लेखापरीक्षा ने पाया कि एन.सी.जेड.एम.ए. द्वारा आयोजित बैठकें सी.आर.जेड. क्षेत्रों के पुनर्वर्गीकरण या सी.जेड.एम.पी. से संबंधित मामलों से संबंधित बहुत विशिष्ट कार्यसूची के साथ मांग पर आधारित होती हैं। इसके अलावा एन.सी.जेड.एम.ए. द्वारा आयोजित बैठकों के कार्यवृत की जांच से पता चला कि एन.सी.जेड.एम.ए. ने अप्रैल 2015 के बाद सी.आर.जेड. अधिसूचना के तहत उल्लंघन से संबंधित किसी भी मुद्दे पर चर्चा नहीं की। अभीलेखों में इसका कोई कारण नहीं पाया गया। अत: एन.सी.जेड.एम.ए., सी.आर.जेड. उल्लंघनों पर कार्रवाई की निगरानी और चर्चा में प्रभावी रूप से शामिल नहीं था, जो इसे सौंपी गई जिम्मेदारियों में से एक था।

ख) विशेषज्ञ मूल्यांकन समितियों में कार्यक्षेत्र विशेषज्ञता की अनुपस्थिति

एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. द्वारा परियोजनाओं की जांच के लिए गठित विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ई.ए.सी.) परियोजना के प्रभाव पर विचार करने के बाद परियोजना प्रस्तावों पर एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. को सिफारिशें देती है। ई.ए.सी. की सिफारिश के आधार पर, एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. या तो प्रस्ताव को अस्वीकार कर देता है या उन शर्तों के साथ मंजूरी देता है जो तटीय पारिस्थितिकी पर प्रभाव को कम करेगी। ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 की आवश्यकताओं के अनुसार, ई.ए.सी. में संबंधित क्षेत्र या अनुशासन में अपेक्षित विशेषज्ञता और अनुभव वाले सदस्य शामिल होते हैं। ई.ए.सी. में 10 से 15 सदस्य शामिल होते है, जिनमें वन्यजीव और वानिकी के विशेषज्ञ, वनस्पति और जीव प्रबंधन में जीवन विज्ञान विशेषज्ञ, पर्यावरण की गुणवत्ता आदि शामिल होते हैं।

लेखापरीक्षा ने पाया कि एक ई.ए.सी. सी.आर.जेड. अधिसूचना के तहत परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए समर्पित है। लेखापरीक्षा के दौरान, ऐसे मामले पाए गए जहां ई.ए.सी. ने मंजूरी दी, हालांकि परियोजना विचार-विमर्श के दौरान कार्यक्षेत्र विशेषज्ञ मौजूद नहीं थे। साथ ही, ऐसे मामले भी पाए गए जहां ई.ए.सी. के सदस्य विचार-विमर्श के दौरान कुल संख्या के आधे से भी कम थे क्योंकि ई.ए.सी. सदस्यों के लिए कोई निश्चित कोरम नहीं था।

ग) एस.सी.जेड.एम.ए. की संरचना एवं कार्यप्रणाली

एस.सी.जेड.एम.ए. के संबंध में, लेखापरीक्षा ने पाया कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद एस.सी.जेड.एम.ए. का पुनर्गठन नहीं किया गया था। कर्नाटक में, मार्च 2020 में कार्यकाल समाप्त होने के बाद 11 महीने तक एस.सी.जेड.एम.ए. का पुनर्गठन नहीं किया गया था। इसी तरह, केरल और आंध्र प्रदेश में क्रमशः 5 और 8 महीने की देरी के बाद एस.सी.जेड.एम.ए. का पुनर्गठन किया गया था। एस.सी.जेड.एम.ए. के विलंबित पुनर्गठन के उदाहरण गोवा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्यों में भी पाए गए थे।

एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. के 2005 के आदेशों के अनुसार, एस.सी.जेड.एम.ए. में एक एन.जी.ओ., चार विशेषज्ञ सदस्य और विभिन्न हितधारक संगठनों जैसे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मत्स्य पालन, पर्यावरण, शहरी विकास आदि के 5-6 पदेन सदस्य होने चाहिए। प्राधिकरण का अध्यक्ष संबंधित राज्य के पर्यावरण विभाग का सचिव होना चाहिए। लेखापरीक्षा ने पाया कि कई एस.सी.जेड.एम.ए. ने कोरम आवश्यकताओं को पूरा किए बिना बैठकें की थीं। कर्नाटक में, 2015-20 के दौरान 21 में से 15 बैठकें बिना कोरम के हुई थीं। इस प्रकार, एन.सी.जेड.एम.ए. ने अनिवार्य कोरम आवश्यकताओं को पूरा किए बिना परियोजनाओं की सिफारिश की। एस.सी.जेड.एम.ए. की प्रमुख जिम्मेदारियों में से एक सी.आर.जेड. अधिसूचना के उल्लंघन के मामलों की जांच करना, उल्लंघन के खिलाफ शिकायत दर्ज करना और इन उल्लंघनों की समीक्षा करना था। इस जिम्मेदारी को प्रभावी ढ़ग से निर्वहन करने में एस.सी.जेड.एम.ए. की विफलता पर अध्याय 4 (पैरा 4.2) में चर्चा की गई है। लेखापरीक्षा ने यह भी पाया कि

एस.सी.जेड.एम.ए. में संबंधित हितधारक निकायों के प्रतिनिधित्व का अभाव था। महाराष्ट्र एस.सी.जेड.एम.ए. में पर्यटन विभाग की भागीदारी नहीं थी, हालांकि यह एक महत्वपूर्ण हितधारक संगठन है जो तटीय क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों के स्थायी प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। गोवा एस.सी.जेड.एम.ए. में मत्स्य निदेशालय का कोई सदस्य नहीं था। गोवा और पश्चिम बंगाल एस.सी.जेड.एम.ए. में संबंधित एस.पी.सी.बी. की भागीदारी का अभाव था। साथ ही, यह भी पाया गया कि महत्वपूर्ण हितधारक संस्थानों ने एस.सी.जेड.एम.ए. की बैठकों में भाग नहीं लिया था। शहरी विकास विभाग, मत्स्य पालन और राजस्व विभाग जैसे प्रमुख विभागों के सदस्यों ने महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के एस.सी.जेड.एम.ए. द्वारा आयोजित अधिकांश बैठकों में भाग नहीं लिया था।

घ) एस.सी.जेड.एम.ए. में जनशक्ति

लेखापरीक्षा ने पाया कि अधिकांश तटीय राज्यों में एस.सी.जेड.एम.ए. के पास अपना अधिदेश पूरा करने के लिए पर्याप्त जनशक्ति नहीं थी। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गोवा, तमिलनाडु, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में, एस.सी.जेड.एम.ए. के कार्य राज्य पर्यावरण विभाग या राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा किए जाते थे। यह पाया गया कि गोवा में एस.सी.जेड.एम.ए. और डी.एल.सी. के लिए स्वीकृत 73 पदों की तुलना में 58 पद रिक्त थे। ओडिशा में, एस.सी.जेड.एम.ए. बिना किसी सचिवीय जनशक्ति के एक कनिष्ठ वैज्ञानिक और तकनीकी सहायक के साथ काम कर रहा था।

ड.) डी.एल.सी. की संरचना

सी.आर.जेड. अधिसूचना 2011 की धारा 6 (सी) के अनुसार, जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में सी.आर.जेड. अधिसूचना को लागू करने में एस.सी.जेड.एम.ए. की सहायता के लिए डी.एल.सी. की स्थापना की जानी थी, जिसमें स्थानीय पारंपरिक तटीय समुदायों और मछुआरों के कम से कम तीन प्रतिनिधियों का शामिल होना अनिवार्य था। तमिलनाडु के डी.एल.सी. में स्थानीय पारंपरिक समुदायों की भागीदारी का अभाव था। जांच के दौरान, ऐसे मामले पाए गए जहां एस.सी.जेड.एम.ए. डी.एल.सी. का गठन करने में विफल रहे थे। यह भी पाया गया था कि अवधि समाप्त होने के बाद डी.एल.सी. का पुनर्गठन नहीं किया गया था। आंध्र प्रदेश में, मार्च 2021 तक सभी नौ तटीय जिलों में डी.एल.सी. की स्थापना नहीं की गई थी। गोवा में, सी.आर.जेड. अधिसूचना की घोषणा के छह साल के विलंब के बाद 2017 में डी.एल.सी. का गठन किया गया था। ओडिशा के सात तटीय जिलों के डी.एल.सी. का कार्यकाल समाप्त होने से दो साल की देरी के बाद पुनर्गठन किया गया था। कर्नाटक में, डी.एल.सी. की अवधि मई 2018 में समाप्त हो गई थी, हालांकि मार्च 2021 तक दो तटीय जिलों में डी.एल.सी. का पुनर्गठन किया जाना बाकी है।

इस प्रकार, इन निकायों की संरचना और जनशक्ति की कमी ने तटीय सुरक्षा के लिए विशेष निकायों जिसकी परिकल्पना सी.आर.जेड. अधिसूचनाओं में की गई है, उनके विकास को बाधित किया था।

इस प्रकार, एन.सी.जेड.एम.ए., एस.सी.जेड.एम.ए. और डी.एल.सी. के गठन और कार्यान्वयन में कमियां तटीय क्षेत्रों के सतत विकास को सुनिश्चित करने में चुनौतियों का समाधान करने में उनकी प्रभावशीलता को कम कर देंगी।

2.2 तटीय क्षेत्र प्रबंधन योजनाएँ तैयार करने में अभिकरणों की भूमिका

तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सी.आर.जेड. अधिसूचना 2011 जारी होने की तारीख से चौबीस महीने की अवधि के भीतर तटीय क्षेत्र प्रबंधन योजना (सी.जेड.एम.पी.) तैयार करनी थी। राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकार सी.जेड.एम.ए. को एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. के समक्ष सी.जेड.एम.पी. पर हितधारकों से प्राप्त सुझावों और आपत्तियों को शामिल करने के बाद छह महीने की अवधि के भीतर सी.जेड.एम.पी. को अपनी सिफारिशों के साथ मसौदा प्रस्तुत करना था। एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. को सभी तरह से पूर्ण सी.जेड.एम.पी. की प्राप्ति की तारीख से चार महीने की अवधि के भीतर सी.जेड.एम.पी. पर विचार और अनुमोदन करना था। इस संबंध में, लेखापरीक्षा ने निम्नलिखित पाया:

(i) उच्च ज्वार रेखा के सीमांकन और सी.जेड.एम.पी. की तैयारी में विलंब

एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. ने अगस्त 2015 में उच्च ज्वार रेखा[12] (एच.टी.एल.) के सीमांकन के लिए नैशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबल कोस्टल मैनेजमेंट (एन.सी.एस.सी.एम.) की पहचान की और इसे अक्टूबर 2016 में पूरा किया गया था। तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सी.आर.जेड. अधिसूचना 2011 के जारी होने की तारीख से चौबीस महीने की अवधि के भीतर सी.जेड.एम.पी. तैयार करना था। राज्य/केंद्रीय शासित सरकार सी.जेड.एम.ए. को सी.जेड.एम.पी. का मसौदा हितधारकों से प्राप्त सुझावों और आपत्तियों को शामिल करने के बाद अपनी सिफारिशों के साथ छह महीने की अवधि के भीतर एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. को जमा करना था। सी.जेड.एम.पी. के विभिन्न घटकों (खतरा लाइन और एच.टी.एल.) के सीमांकन में देरी के परिणामस्वरूप राज्यों द्वारा सी.जेड.एम.पी. को अंतिम रूप देने में देरी हुई जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

[12] एच.टी.एल. का अर्थ उस भूमि पर रेखा है जिस तक वसंत ज्वार के दौरान उच्चतम जल रेखा पहुंचती है और यह महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उस स्तर को इंगित करता है जिस तक तटीय जल पहुंचता है।

तालिका 2.1: तटीय राज्यों में सी.जेड.एम.पी. को अंतिम रूप देने में विलंब

क्र.सं.	राज्य	एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. द्वारा अनुमोदन
1	आंध्र प्रदेश	फरवरी 2019
2	गोवा	अभी तक स्वीकृत नहीं हुआ
3	गुजरात	फरवरी 2020
4	कर्नाटक	अगस्त 2018
5	केरल	फरवरी 2019
6	महाराष्ट्र	फरवरी 2019
7	ओडिशा	अगस्त 2018
8	तमिलनाडु	अक्तूबर 2018
9	पश्चिम बंगाल	अक्तूबर 2018

सी.आर.जेड. अधिसूचना 2011 के अनुसार अनुमोदित सी.जेड.एम.पी. की अनुपस्थिति में, एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. ने 1991 में तैयार किए गए सी.जेड.एम.पी. की वैधता का समय-समय पर विस्तार किया, जिसके परिणामस्वरूप 1991 सी.जेड.एम.पी. के आधार पर विभिन्न परियोजनाओं को सी.आर.जेड. मंजूरी प्रदान की गई, जो कि वास्तविक सच्चाई को नहीं दर्शाता था।

(ii) मानचित्रों के लिए सटीकता स्तरों के आकलन का अभाव

एच.टी.एल., एल.टी.एल.[13] के सीमांकन और सी.जेड.एम.पी. की तैयारी पर एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. मैनुअल एच.टी.एल., एल.टी.एल. के साथ-साथ सी.जेड.एम.पी. के लिए विशिष्ट सटीकता स्तर[14] निर्धारित करता है। सी.जेड.एम.पी. की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए संदर्भ रेखा की सटीकता महत्वपूर्ण है। यह पाया गया कि आठ तटीय राज्य[15] एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. द्वारा सी.जेड.एम.पी. के अनुमोदन के एक वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी संदर्भ लाइनों की सटीकता का आकलन करने में विफल रहे। इसके अलावा, सटीकता सीमा की उपलब्धि महत्वपूर्ण है क्योंकि सी.आर.जेड. अधिसूचना 2019 के अनुसार सी.जेड.एम.पी. को

---

[13] निम्न ज्वार रेखा जो भूमि पर वह रेखा है जहाँ तक वसंत ज्वार के दौरान सबसे कम जल रेखा पहुँचती है।

[14] वर्गीकरण सटीकता के लिए 90 प्रतिशत विश्वास अंतराल पर 90 प्रतिशत वर्गीकरण सटीकता। एच.टी.एल., एल.टी.एल. और सी.जेड.एम.पी. सीमांकन के लिए क्रमशः 1 मीटर, 2 मीटर और 5 मीटर की स्थितिगत सटीकता।

[15] कर्नाटक ने संदर्भ पंक्तियों के लिए सटीकता के स्तर का आकलन किया।

सी.आर.जेड. अधिसूचना 2011 के आधार पर पहले से तैयार सी.जेड.एम.पी. को अद्यतन करके तैयार किया जाएगा।

(iii) भूकर मानचित्रों के डिजिटलीकरण का अभाव

भू-उपयोग योजना के लिए स्थानीय निकायों द्वारा भूकर मानचित्रों की आवश्यकता थी। सी.आर.जेड. अधिसूचना, 2011 ने सी.जेड.एम.पी. के कार्यान्वयन की सुविधा के लिए स्थानीय निकायों और अन्य अभिकरणों के उपयोग हेतु भूकर[16] (गांव) स्तरीय मानचित्र को तैयार करने की परिकल्पना की थी। एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. ने भौगोलिक सूचना प्रणाली (जी.आई.एस.) के लिए दिशानिर्देश जारी किए थे और ग्राम भूकरों के डिजिटलीकरण और एकीकरण को निर्धारित किया था। हमने पाया कि गोवा को छोड़कर किसी भी तटीय राज्य के संबंध में भूकर सूचना को डिजिटल करके इसे जी.आई.एस. में नहीं लाया गया है।

(iv) पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए कार्य योजना तैयार करने में विफलता

एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. ने 2014 में तटीय राज्यों को एक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया जो पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील क्षेत्रों (ई.एस.ए.) के संरक्षण और सुरक्षा, स्थानीय समुदायों के जीवन और संपत्ति और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और स्थायी तरीके से विकासात्मक गतिविधियों को शुरू करने के लिए एक विस्तृत रोड मैप प्रदान करे। कार्य योजनाओं को पर्याप्त बजटीय प्रावधान और इस तरह के कार्यान्वयन में शामिल अभिकरणों का विवरण प्रदान करना था। हमने पाया कि सभी तटीय राज्य अब तक इन क्षेत्रों के संरक्षण के लिए कार्य योजना तैयार करने में विफल रहे हैं।

सी.जेड.एम.पी. को समय पर तैयार करने में विफलता और ई.एस.ए. के संरक्षण के लिए योजनाओं की कमी तटीय पारिस्थितिकी के लिए बड़ा जोखिम पैदा करेगी।

2.3 सार्वजनिक पहुंच का अभाव

एन.सी.जेड.एम.ए. के प्राथमिक कार्यों में से एक है कि, या तो स्व-प्रेरणा, या किसी व्यक्ति या निकाय, या संगठन द्वारा की गई शिकायत के आधार पर प्राधिकरण ई.पी. अधिनियम[17] के प्रावधानों के उल्लंघन से जुड़े मामलों की समीक्षा करना है। इसे उक्त अधिनियम की धारा 5 के तहत निर्देश जारी करने का भी अधिकार है। इसके अलावा, मैनुअल के आदेश में एन.सी.जेड.एम.ए. को कार्यसूची मदों और बैठक के कार्यवृत्त को वेबसाइट पर पोस्ट करने का आदेश दिया गया है।

---

[16] भूकर मानचित्रों में सर्वेक्षण की सीमाएँ और व्यक्तिगत भूखंडों की सर्वेक्षण संख्याएँ, बुनियादी ढाँचे जैसे सड़कें, धार्मिक और इसी तरह की संस्थाएँ, नदियाँ / नहरें / तालाब और सर्वेक्षण पत्थर के स्थान शामिल हैं।

[17] और उसके अधीन बनाए गए नियम, या कोई अन्य कानून जो उक्त अधिनियम के उद्देश्यों से संबंधित हो

इस संबंध में, हमने पाया कि एन.सी.जेड.एम.ए. ने अपनी वेबसाइट का रखरखाव नहीं किया था। हमने पाया कि एन.सी.जेड.एम.ए. से संबंधित मामलों को परियोजना प्रस्तुतीकरण और सी.आर.जेड. मंजूरी के लिए अनुमोदन से संबंधित वेबसाइट[18] पर एक छोटी सी विंडो में होस्ट किया जा रहा है। कार्यसूची या कार्यवृत्त तक पहुँचने के लिए वेबसाइट पर दिए गए लिंक कोई जानकारी प्रदान नहीं करते हैं। इसके अलावा हमने पाया कि एन.सी.जेड.एम.ए. के मैनुअल आदेश में, यह आवश्यक है कि प्राधिकरण अपनी बैठकों की कार्यसूची और कार्यवृत्त के बारे में जानकारी सार्वजनिक कार्यक्षेत्र में रखे, जिसमें नामित वेबसाइट[19] भी शामिल है। आदेश में उल्लिखित वेबसाइट, हालांकि, एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. की सामान्य वेबसाइट की ओर ले जाती है, जहां एन.सी.जेड.एम.ए. से संबंधित जानकारी आसानी से उपलब्ध नहीं है।

एन.सी.जेड.एम.ए. से संबंधित सूचना जैसे कार्यसूची नोट्स, बैठकों के कार्यवृत्त का प्रसार करने के लिए किसी भी सक्रिय और कार्यात्मक वेबसाइट की अनुपस्थिति केवल प्राधिकरण को दी गई तदर्थ स्थिति को इंगित करती है। वेबसाइट पर सार्वजनिक कार्यक्षेत्र में शिकायत दर्ज करने या तटीय वातावरण में किसी भी उल्लंघन की रिपोर्ट करने का कोई विकल्प नहीं था। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु एस.सी.जेड.एम.ए. के पास भी सूचना के सार्वजनिक प्रसार के लिए कोई वेबसाइट नहीं है। शेष राज्यों में, भले ही वेबसाइट बनाई गई है, लेकिन महत्वपूर्ण जानकारी जैसे उल्लंघन, कार्रवाई, अदालती मामले, कार्यसूची के कार्यवृत्त और बैठक के कार्यवृत्त नियमित रूप से पोस्ट नहीं किए जाते हैं।

ऐसी सुविधा के अभाव में, एन.सी.जेड.एम.ए./एस.सी.जेड.एम.ए. जनता से कोई शिकायत प्राप्त करने की उम्मीद नहीं कर सकता है, इस प्रकार ई.पी. अधिनियम की धारा 5 के तहत निर्देश जारी करने की उसकी क्षमता में बाधा आती है, जो इसकी अनिवार्य गतिविधियों में से एक है।

2.4 निष्कर्ष

- एन.सी.जेड.एम.ए. के साथ-साथ एस.सी.जेड.एम.ए. तदर्थ स्थिति और बजट के साथ-साथ जनशक्ति की कमी के कारण, अपनी प्राथमिक जिम्मेदारियों को निभाने में विफल रहे। सी.आर.जेड. अधिसूचनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एन.सी.जेड.एम.ए. और एस.सी.जेड.एम.ए. की स्थापना के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद एन.सी.जेड.एम.ए. के साथ-साथ एस.सी.जेड.एम.ए. निधियों और पदाधिकारियों के लिए एम.ओ.ई.एफ. एवं सी.सी. और संबंधित तटीय राज्य पर्यावरण विभागों पर निर्भर थे।

- आंध्र प्रदेश में मार्च 2021 तक डी.एल.सी. की स्थापना नहीं की गई थी और अन्य तटीय राज्यों में डी.एल.सी. के पुनर्गठन में देरी पायी गई थी।

---

[18] http://environmentclearance.nic.in/NCZMA.aspx

[19] www.envfor.nic.in

- हालांकि, तटीय क्षेत्रों के सतत विकास की प्रक्रिया में तटीय क्षेत्र प्रबंधन योजनाओं की तैयारी प्राथमिक कदम थी, राज्य निर्धारित समय में सी.जेड.एम.पी. के साथ आने में विफल रहे।
- हालांकि तटीय पर्यावरण की रक्षा करने में संस्थानों की एक प्रमुख भूमिका थी, उनकी भूमिका केवल विचार-विमर्श या सी.आर.जेड. क्षेत्रों के पुनर्वर्गीकरण पर निर्णय लेने और विकास गतिविधियों के अनुमोदन/अनुमोदन की सिफारिश तक सीमित रह गई थी।
- एन.सी.जेड.एम.ए. और एस.सी.जेड.एम.ए. ने अपने कामकाज से संबंधित सूचना के प्रसार के लिए समर्पित वेबसाइटों का रखरखाव नहीं किया था।